# युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

आपकी आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

www.newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 13+07 तिथि : 07 जुलाई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## गणतंत्र की धरती बिहार ही स्मार्ट और डिजिटल डेमोक्रेसी का बनेगा लांच पैड

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :

सियासी गहमा-गहमी



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




बिहार का मानस कोरोना संक्रमण के बाद युगानुकूल परिवर्तन के लिए तैयार है। कोरोना संक्रमण के बाद पूरी दुनिया में कामकाज का तरीका इस तरह बदला कि जीवन बचाना पहली प्राथमिकता हो गई। कोरोनाकाल में जिस प्रकार से ई–मीटिंग, फेसबुक लाइव, ऑनलाइन क्लासेस आदि का प्रचलन बढ़ा है उसको देखते हुए यह जाहिर है कि वर्चुअल रैली भारतीय चुनाव व्यवस्था में न्यू नार्मल होगी। सब कुछ ठीक रहा तो गणतंत्र की धरती बिहार ही स्मार्ट और डिजिटल डेमोक्रेसी का लांच पैड बनेगा।

बिहार में इस साल अक्टूबर–नवंबर में संभावित चुनाव भी नई वास्तविकता से अवश्य प्रभावित होंगे। अब जब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी अपने सहयोगियों–अधिकारियों के साथ पहले की तरह बैठकें नहीं कर डिजिटल माध्यम से वर्चुअल संवाद कर रहे हैं, तब भीड़भाड़ वाली चुनाव सभाएं कैसे संभव होंगी?

हालांकि दिल्ली से गृहमंत्री अमित शाह और पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में अपनी–अपनी पार्टी के पदाधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर एक मॉडल प्रस्तुत करने का प्रयास किया कोरोना संकट के बीच इस तरह डिजिटल चुनाव प्रचार को अपनाया जा सकता है। दूसरी तरह बिहार के मुख्य विरोधी दल राजद, उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस और वामपंथी दलों ने वर्चुअल संवाद का विरोध कर दिया।

विपक्षियों ने विरोध में तर्क यह दिया गया कि वर्चुअल संवाद का तरीका ज्यादा खर्चीला है। यह तर्क गले उतरने लायक नहीं, क्योंकि पारंपरिक चुनाव सभाओं में भीड़ जुटाने से लेकर मंच व्यवस्था करने तक हर सभा पर लाखों रुपये का खर्च आता है। नेताओं की हवाई (हेलीकाप्टर) यात्रा और जमीनी यात्राओं पर भी करोड़ो रुपये बहाये जाते हैं। फिर, सबसे बड़ी चिंता खर्च की नहीं, लोगों को भीड़ से होने वाले संक्रमण से बचाने की है। इस मुद्दे पर भी विपक्ष का रुख नकारात्मकता से भरा लगता है।

इधर चुनाव आयोग शारीरिक दूरी और संक्रमण से बचाव के नियमों का पालन करते हुए चुनाव कराने के प्रशासनिक विकल्पों पर विचार कर रहा है। ले. किन लालू प्रसाद की पार्टी नई वास्तविकता को नकारते हुए वर्चुअल संवाद का विरोध करने पर अड़ी है। उन्हें गरीब मतदाताओं की जान से नहीं, केवल सत्ता हथियाने से मतलब है।

सब जानते हैं कि बिहार सहित पूरे देश में जब कोरोना संक्रमण की चुनौती बनी हुई है, तब कम खर्चीले और ज्यादा सुरक्षित वर्चुअल रैली का विरोध उचित नहीं। लालू प्रसाद ने तो उस ईवीएम का भी विरोध किया, जिससे बूथलूट बंद हुई और गरीबों को वोट डालने के मौके मिले। आज वे उस वर्चुअल रैली का विरोध कर रहे हैं, जिससे बिना पेट्रोल–डीजल पर लाखों रुपये खर्च किये कम समय में लोगों से संवाद किया जा सकता है। सवाल यह है कि जो लोग पेट्रोल–डीजल बचाने के लिए साइकिल चलाते हुए फोटो पोस्ट करते हैं, वे वर्चुअल रैली का विरोध क्यों कर रहे हैं? .

एक बात तो तय है कि कोरोना काल से पहले वाले दिन फिलहाल लौटने वाले नहीं। उन दिनों चुनावी रैलियों में उमड़ने वाली भीड़ मंचासीन लोकप्रिय नेताओं को भाग्य विधाता समझती थी, नारे लगते थे, सभा स्थल को बैनर– पोस्टर– कटआउट से पाटकर प्रभाव दिखाया या जमाया जाता था। अब यह सारे खर्चीले और प्रदूषणकारी विकल्प जानलेवा सिद्ध हो सकते हैं। विपक्ष को लालटेन, बैलगाड़ी, बैलेट पेपर जैसे कालबाह्य साधनों के समर्थन में कुतर्क गढ़ने के बजाय ईवीएम और वर्चुअल रैली की वैज्ञानिक सोच के साथ खड़े होना चाहिए। प्रचार या मतदान के तरीके ज्यादा मायने नहीं रखते। जनता किसी दल या दलों के गठबंधन की रीति–नीति, ईमानदारी, कर्मठता, विश्वसनीयता और जनहित के मुद्दों पर उसके दृष्टिकोण के आधार पर सेवा का अवसर देती है, संवाद का तरीका कोई हो।

## एक दिन पहले विकास ने एक दारोगा से फोन कर कहा था कि अपने थानेदार को समझा लो, अगर बात बढ़ी तो बिकरू गांव से लाश ही उठेगी



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




कानपुर की घटना को भले ही 100 घंटे से ज्यादा हो गए लेकिन अभी तक ढाई लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर और मुख्य आरोपी विकास दुबे अभी भी फरार है। इस मामले में रोज नए नए खुलासे हो रहे हैं। चौबेपुर थाने के एक दारोगा ने तो इकबालिया बयान में स्वीकार किया है कि एक दिन पहले विकास ने फोन कर कहा था कि अपने थानेदार को समझा लो, अगर बात बढ़ी तो बिकरू गांव से लाश ही उठेगी।

दारोगा का कहना है कि दो जुलाई को शाम चार बजे फोन आया और तुरंत थानेदार को सूचना दी थी। साथ ही यह भी कह दिया था कि उसकी बीट बदल दी जाए। अब वह बिकरू गांव की बीट नहीं देख सकता। इसके बाद बीट दरोगा कृष्ण कुमार शर्मा (केके शर्मा) को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, डीजीपी एचसी अवस्थी ने विकास दुबे पर ढाई लाख का इनाम घोषित कर दिया है।

### सहम गया था दारोगा

केके शर्मा ने रविवार को उच्चाधिकारियों को दिए गए बयान में कहा था कि विकास की धमकी की बाद वह डर गए थे। तत्कालीन एसओ विनय तिवारी को भी सूचना दे दी थी। उन्होंने कहा कि चलो बाद में देखेंगे। धमकी के बाद वह इस कदर डर गए थे कि विकास के गांव तो दूर, शिवली रोड की तरफ भी नहीं गए।

### मुठभेड़ टीम में भी दरोगा शामिल नहीं रहे

तीन जुलाई की रात मुठभेड़ के लिए तैयार की गई चौबेपुर थाने की टीम में दरोगा केके शर्मा शामिल नहीं रहे। दबिश देने से पहले थाने से अपनी रवानगी तातियागंज गश्त पर दिखाकर निकल गए थे। मुठभेड़ के वक्त उनकी लोकेशन तातियागंज में ही पाई गई।

### बीट सिपाही पर लापरवाही का आरोप

केके शर्मा से पहले दरोगा कुंवर पाल बिकरू बीट देख रहे थे। वह भी विकास की चेतावनी, धमकी से सहमे हुए थे। उन्होंने भी बीट छोड़ने की गुजारिश कर रखी थी। यही वजह थी कि कुंवर पाल को हटाकर केके शर्मा को बीट दी गई था। इसके अलावा बीट सिपाही राजीव को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड किया गया है। बताया जा रहा है कि उसे इलाके की संवेदनशीलता के बारे में जानकारी थी लेकिन उच्चाधिकारियों को उसने इसके बारे में कुछ भी नहीं बताया था।

### जांच के लिए विकास से लेनी पड़ती थी अनुमति

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शिवली रोड के कई गांवों के विवाद की जांच होती ही नहीं थी। थाने में शिकायत आने के बाद संबंधित बीट सिपाही, दरोगा विकास से बात करता था। उसे तहरीर देने वाले पीड़ित और आरोपित के बारे में जानकारी दी जाती थी। विकास की मंजूरी के बाद ही पुलिस जांच के लिए जाती थी। ज्यादातर मामले विकास दोनों पक्षों को अपने दरवाजे पर बुलाकर हल करा देता था। इससे पुलिस का भी काम आसान हो जाता था और मुकदमों की संख्या भी नहीं बढ़ती थी।

### नवाबगंज और बारा टोल प्लाजा पर पोस्टर लगे

कानपुर–लखनऊ हाईवे पर पड़ने वाले नवाबगंज और दिल्ली राजमार्ग के बाराजोड़ टोल प्लाजा पर सोमवार दोपहर को विकास दुबे के पोस्टर चस्पा कर दिए गए। फोटो के नीचे पुलिस की तरफ से इनामी अपराधी लिखा गया है।

## मोतिहारी में छतौनी पुलिस ने थाना के सामने लकड़ी लदे ट्रक में छुपाकर रखी 514 कार्टन शराब जब्त की,6 गिरफ्तार, झखिया में देनी थी डिलेवरी

अपराध

कार्रवाई



सम्राट, संवाददाता




छतौनी पुलिस ने ट्रक में छुपाकर लादी कई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 6 मोबाइल व 7 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार कुमर ने न्यूज टुडे को बताया कि 514 कार्टन अंग्रेजी शराब की पेटियां एक काठ का बड़ा से तहखाना बनाकर रखी गई थी। शराब को छुपाने के लिए तहखाने के ऊपर लकड़ियां लाद दी गई थी।'

उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि मोतिहारी के रास्ते भारी मात्रा में शराब लाई जा रही है। इस सूचना पर पुलिस ने गश्त तेज कर दी थी। तभी पुलिस को आज सुबह छतौनी थाना के ठीक सामने उक्त ट्रक दिख गया। जांच करने पर शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई।

थानाध्यक्ष श्री कुमर ने कहा कि गिरफ्तार लोगों ने बताया है कि यह शराब पूर्णिया से लाई जा रही थी। इसकी डिलेवरी मोतिहारी के झखिया में देनी थी।

## बिहार सरकार का कक्षा 1 से 8 वीं तक के बच्चों को राशन और रुपये देने का निर्णय

अनुकरणीय पहल



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




कोरोना संकट को लेकर बिहार में सभी शिक्षण संस्थान बंद हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थान बंद है। ऐसे में बिहार के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार के तरफ से दी जा रही सुविधा का फायदा नहीं मिल रहा था। लेकिन, बिहार सरकार ने आज बड़ा निर्णय लेते हुए कक्षा 1 से 8 वीं तक के बच्चों को राशन और रूपये देने का निर्णय की है।

इसको लेकर शिक्षा विभाग बिहार सरकार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को मध्याह्न भोजन योजना के तहत 1 से 5 वीं तक के बच्चों को 8 ाह राशन और 358 रूपये तथा कक्षा 6 से 8 वीं तक के बच्चों को 12 ाह राशन तथा 536 रूपये देने का निर्देश दिया है। इसके तहत सभी छात्रों को मई, जून और जुलाई महीने का रशन और रूपये दिए जाएंगे।

ज्ञात हो कि मिड डे मील योजना के लिए केंद्र सरकार के तरफ 2,500 करोड़ रुपये का अनुदान जारी कर दिया था। अनुदान जारी करते हुए केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि लॉकडाउन की स्थिति में बच्चों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन की प्राप्ति के लिए 'मिड डे मील' योजना के अंतर्गत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें स्कूलों में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए मंजूरी प्रदान किया गया जिस पर लगभग 1600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च किया जाएगा। इसके अलावा 'मिड डे मील' योजना के अंतर्गत पहली तिमाही के लिए 2,500 करोड़ रुपये का तदर्थ अनुदान जारी किया गया।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भतीजी को कोरोना होने की पुष्टि, जदयू के एमएलसी गुलाम गौस और उनकी पत्नी भी कोरोना पॉजिटिव



रिंकू गिरी,
संवाददाता




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भतीजी को कोरोना होने की पुष्टि हुई है. मिली जानकारी के अनुसार उन्हें पटना के एम्स में भर्ती करवाया गया है जहां उन्हें आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है.भतीजी की कोविड– 19 की जांच रिपोर्ट में कोरोना की पुष्टि होने के बाद उन्हें पटना एम्स में भर्ती कराया गया है, तो वहीं एक अणे मार्ग स्थित सीएम हाउस को सैनिटाइज किया जा रहा है. परिवार के अन्य सभी लोग भी होम क्वारंटीन हो गए हैं.

**होम क्वारंटाइन में गए परिवार के लोग**

जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात को ही उनके कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई. इसके बाद से ही सभी सदस्य होम क्वारंटाइन हो गए और उन्हें पटना के एम्स में भर्ती करवाया गया. हालांकि खबर ये भी है कि मुख्यमंत्री हर रोज की तरह काम करते रहेंगे. बता दें कि दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी सैंपल लिया गया था, जिसके जांच के बाद उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी. वहीं, डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी की भी जांच की गई थी और वह रिपोर्ट भी नेगेटिव ही आई थी.

**डिप्टी सीएम का भी हुआ था कोरोना टेस्ट**

दरअसल विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अवधेश नारायण सिंह के साथ मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष भी शामिल हुए थे. शनिवार सुबह सभापति के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद पहल करके अपनी और संपर्क में रहने वाले अधिकारियों, कर्मियों की जांच करवाई थी. इन सबकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी.

**जेडीयू नेता गुलाम गौस को हुआ कोरोना**

गौरतलब है कि बिहार में काफी संख्या में अब कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे हैं, वहीं प्रतिदिन कोरोना वायरस से मौत का सिलसिला भी जारी है. जदयू के एमएलसी गुलाम गौस और उनकी पत्नी भी कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं. इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि बिहार में कोरोना संक्रमण अप्रत्याशित रूप से बढ़ चुका है.

**तेजस्वी का सीएम नीतीश कुमार पर निशाना**

तेजस्वी यादव ने ट्वीट में लिखा, सरकार को कहीं कोई चिंता नहीं. ना जांच की, ना इलाज की. पूरा मंत्रिमंडल, प्रशासन और सरकार चुनावी तैयारियों में व्यस्त है. सरकार आंकड़े छिपा रही है. अगर सरकार नहीं संभली तो अगस्त–सितंबर तक स्थिति और विस्फोटक हो सकती है.

# नीतीश कुमार के आवास पर बनाया गया वेंटीलेटर युक्त हॉस्पिटल, तेजस्वी ने साधा निशाना

सियासी गहमा–गहमी



सम्राट,
संवाददाता




कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक अन्ने मार्ग स्थित सरकारी आवास में 6 बेड का एक अस्थाई अस्पताल बनने जा रहा है. खास बात यह है कि यह अस्थाई अस्पताल वेंटीलेटर युक्त है. अस्पताल में पीएमसीएच के डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी.पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. विमल कारक ने इस संबंध में एक निर्देश जारी किया है और बताया है कि स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव के निर्देश को देखते हुए कोरोना वायरस से उत्पन्न संक्रमण की रोकथाम और इसके निरोधात्मक उपाय को लेकर वेंटिलेटर युक्त अस्पताल के संचालन किया जा रहा है. इसके लिए पीएमसीएच की नर्सों और चिकित्सकों को मुख्यमंत्री आवास में प्रतिनियुक्त किया जाता है.

मुख्यमंत्री आवास पर बन रहे अस्थाई अस्पताल के लिए पीएमसीएच की ओर से 3 टीम गठित किया गया है, जो तीन शिफ्ट में मौजूद रहेंगे. तीनों शिफ्ट में 2 डॉक्टर और एक नर्स मौजूद रहेंगे. पीएमसीएच की ओर से सीएम हाउस के लिए 6 डॉक्टर और 3 नर्सों को प्रतिनियुक्त किया गया है. तीनों शिफ्ट में एक मेडिसिन विभाग के डॉक्टर एक एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर और एक नर्स मौजूद रहेंगे.

सीएम आवास को कोविड अस्पताल बनाए जाने के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा है. तेजस्वी ने कहा– 'मुख्यमंत्री की मात्र 2 घंटे में कोरोना जांच हो जाती है और रिपोर्ट भी आ जाती है. उनकी भतीजी को कोरोना होने पर घर में ही वेंटिलेटर युक्त अस्पताल बना 6 डॉक्टर, 2 नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों की फौज लगा दी जाती है. चार महीने बाद भी आम आदमी के लिए ये सुविधा क्यों नहीं?

# लालू प्रसाद की सुरक्षा में तैनात एएसआइ के कोरोना संक्रमित, लोहरदगा सिविल सर्जन भी चपेट में



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




झारखंड की राजधानी रांची के रिम्स स्थित पेईंग वार्ड में भर्ती और चारा घोटाले में सजा काट रहे राजद सुप्रीमो लालू यादव की सुरक्षा में तैनात एक एएसआई भी कोरोना संक्रमित पाया गया है। राहत की बात यह कि वह छुट्टी के दौरान अपने गांव आने के बाद संक्रमित हुआ है। लालू की सुरक्षा में फिर जाने से पहले उसने कोरोना जांच कराई जिसमें वह पॉजिटिव निकला।

विदित हो कि झारखंड में भी कोरोना तेजी से पांव पसार रहा है और पॉजिटिव मरीजों की संख्या 2854 हो गई है। नए मिले 39 कोरोना पॉजिटिव में लोहरदगा के सिविल सर्जन भी कोविड–19 की चपेट में आ गए हैं। झारखंड में इलाज के दौरान अभी तक 20 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है।

बीते 24 घंटों में राज्य में मिले कोरोना पॉजिटिव मरीजों में लोहरदगा सिविल सर्जन के अलावा 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन्हीं में से एक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की सुरक्षा में तैनात एएसआई भी है। गनीमत यह रही कि पुलिसकर्मी छुट्टी से लौटा था और ड्यूटी जॉइन करने से पहले उसकी जांच कराई गई तो वह कोरोना पॉजिटिव निकल गया।

# भू-अर्जन से जुड़ी परियोजनाओं को अविलंब पूरा करें : डीएम



रिंकू गिरी,
संवाददाता




मोतिहारी स्थित राधाकृष्णन भवन में जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में भू–अर्जन से संबंधित मामलों के क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा हुई। बैठक में भू अर्जन से संबंधित परियोजनाओं में भारत माला परियोजना, एसएसबी, पथ निर्माण विभाग, आईओसीएल आदि के अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा हुई। वहीं परियोजना के क्रियान्वयन स्थिति में तेजी लाने का निर्देश दिया।बैठक में जिला भू–अर्जन पदाधिकारी ने भू अर्जन से संबंधित परियोजनाओं के स्थिति के संबंध में जानकारी दी। डीएम ने कहा कि भू–अर्जन से जुड़ी परियोजनाओं को अविलंब पूरा करें।

उन्होंने अपर समाहर्ता, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा को नियमित अंतराल पर भू– अर्जन से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। ताकि भू–अर्जन से जुड़ी परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी अंचलाधिकारी के साथ बैठक में भू अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा की। साथ ही लंबित मामलों के निष्पादन की दिशा में ठोस कार्रवाई का आदेश दिया है।







# 24 घंटे में मास्क नहीं पहनने वालों से वसूला गया 01 लाख 18 हजार 300 रूपये



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




बिहार में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी सूचना सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह और एडीजी मुख्यालय जितेन्द्र कुमार ने दी. सूचना सचिवन अनुपम कुमार ने बताया कि कॉविड–19 से बचाव के प्रति लोगों को सतर्क किया जा रहा है. जागरुकता अभियान चलाकर मास्क का प्रयोग जरुर करने, नियमित अंतराल पर हैंडवॉश तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना से पिछले 24 घंटे में 324 लोग स्वस्थ हुए हैं. अब तक 9,338 लोग कोविड–19 संक्रमण से स्वस्थ होकर वापस अपने घर जा चुके हैं . बिहार राज्य में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों का रिकवरी रेट 74. 55 प्रतिशत है. पिछले 24 घंटे में कोरोना के 385 नये पॉजिटिव मामले सामने आये हैं, जिसके बाद बिहार के 38 जिलों में कोविड–19 के 3,088 एक्टिव मरीज हैं. बिहार में अब तक 2 लाख 69 हजार 277 सैंपल्स की जांच की गई है.उधर अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय जितेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा अनलॉक–2 के तहत जारी गाइडलाइन का अन. पालन कराया जा रहा है. पिछले 24 घंटे में 01 कांड दर्ज किया गया है और 02 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है. वही पिछले 24 घंटे में 659 वाहन जब्त किये गये हैं और 21 लाख 70 हजार 400 की राशि जुमार्ने के रुप में वसूल की गई है. इस प्रकार 1 जुलाई से अब तक कुल 02 कांड दर्ज हुए हैं और 02 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है. 4,163 वाहनजब्त किए गए हैं और 01 करोड़ 31 लाख 42 हजार 900 रुपए की राशि जुमार्ने के रूपमें वसूल की गयी है.उन्होंने बताया कि मास्क न पहनने पर भी पुलिस द्वारा कार्रवाई की गयी है. पिछले 24 घंटे में मास्क नहीं पहनने वाले 2,366 व्यक्तियों से 01 लाख 18 हजार 300 रूपये की राशि जुमार्ने के रूप में वसूल की गयी है. इस प्रकार मास्क नहीं पहनने के कारण 5 जुलाई से अब तक 3,512 व्यक्तियों से 01 लाख 75 हजार 600 रूपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गयी है. कोविड–19 से निपटने के लिये उठाये जा रहे कदमों और नये दिशा–निर्देशों का पालन करने में अवरोध पैदा करने वालों के खिलाफ सख्ती से कदम उठाये जा रहे है.










युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी । निर्माता:9471005272




NEWS TODAY Update | युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज | RNI:- BIHHIN05409

News Today Digital Paper Tarrif

| | | | |
|---|---|---|---|
| Back Page Full | : 27.94 X 43.18 cm | = 55000.00 | |
| Back Page Half | : 13.97 X 21.59 cm | = 30000.00 | |
| Back Page Quarter | : 06.98 X 10.79 cm | = 20000.00 | |
| Complimentery Ad | : 04.00 X 06.00 cm | = 5000.00 | |

Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

| PARTICILAR | DAILY (MIN. 15 DAYS) | MONTHLY | YEARLY |
|---|---|---|---|
| HEADER : | 2000 | 50,000 | 5,00,000 |
| UNDER NEWS : | 1000 | 25,000 | 2,50,000 |
| SIDE, MIDDLE & OTH : | 1500 | 35,000 | 3,50,000 |

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830